हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 03 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही बढ़ाने के लिए जीआईएस-आधारित सॉफ्टवेयर पर सीधी निगरानी रखने के लिए लगभग 100 टोल प्लाजा की पहचान की है। इन टोल प्लाजा का चयन 1033 राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त संकुलन प्रतिक्रिया के आधार पर किया गया है। निगरानी सेवा को चरणबद्ध तरीके से अधिक टोल प्लाजा तक बढ़ाया जाएगा। टोल प्लाजा का नाम और स्थान के अलावा, सॉफ्टवेयर वाहनों की कतार की लंबाई, कुल प्रतीक्षा समय और टोल प्लाजा पर वाहन की गति की लाइव स्थिति से संबंधित विवरण साझा करेगा और यदि किसी टोल प्लाजा पर वाहनों की कतार निर्धारित सीमा से अधिक हो, तो यह चेतावनी और लेन वितरण अनुशंसा भी प्रदान करेगा।

....

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार, रो शो, चुनाव रैलियों के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करने को कहा है ताकि जनसाधारण को असुविधा न हो ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल द्वारा चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति लेना जरूरी है, बिना अनुमति के प्रचार में वाहनों का प्रयोग नहीं कर सकते। उम्मीदवार या राजनैतिक दल द्वारा प्रचार के लिए जिन वाहनों का पंजीकरण करवाया गया है

उनका विवरण व्यय पर्यवेक्षक को बताना जरूरी है ताकि उनके चुनाव खर्च में जोड़ा जा सकें।इसके अलावा, किसी भी अतिरिक्त वाहन की तैनाती के लिए उम्मीदवार या उसके एजेंट द्वारा वाहनों की वास्तविक तैनाती से काफी पहले इस आशय की सूचना देना अनिवार्य है । चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों का ब्यौरा देते समय उन क्षेत्रों, तहसीलों का ब्यौरा भी बताना होगा जहाँ उनका इस्तमाल किया जाना है।उन्होंने बताया कि चुनाव में प्रचार के लिए वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले को चलने की अनुमति नहीं होगी। वाहनों के बड़े काफ़िले को छोटे छोटे काफिलों में तोड़ा जाएगा और दो काफिलो में कम से कम 100 मीटर का फासला रखना जरूरी है।

जींद के नरवाना में बिरधाना गाँव के नज़दीक देर रात एक ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरे टेम्पो को टक्कर मार दी। इस टक्कर में 3 महिलाओं समेत 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 8 लोग घायल हो गये।हमारे संवाददाता ने बताया है कि टेम्पो में स्वार 16 लोग कुरूक्षेत्र के मर्छेदी गांव के रहने वाले थे और राजस्थान के गोगामेड़ी धाम पर पूजा अर्चना करने जा रहे थे। हादसा देर रात करीब एक बजे हुआ, टक्कर लगने बाद टेम्पो पलट गया ।हादसे के बाद सड़क पर जा रहे हो वाहनों में सवार लोगों ने श्रद्धालुओं को टेम्पो से निकालने की कोशिश की लेकिन अंधेरा होने की वजह से उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद नरवाना थाना सदर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई पुलिस बल मौके पर पहुँच कर स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकाला। आनन- फानन में सभी श्रद्धालुओं को नरवाना के सिविल अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने 8 लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया ।

पेरिस पैरालिंपिक में हरियाणा के सुमित अंतिल ने भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है। अंतिल ने अपने दूसरे प्रयास में 70.59 मीटर भाला फेंक कर नया रिका□ भी बनाया। इससे पहले बै□मिंटन में नितेश कुमार ने पुरुषों की एकल एसएल-3 श्रेणी में ब्रिटेन के □नियल बेटेल को हराकर बै□मिंटन में स्वर्ण पदक जीता। सुहास यतिराज ने पुरुषों की एसएल- 4 श्रेणी में रजत पदक जीता। महिलाओं की एकल एसयू- 5 श्रेणी में तुलसीमथी मुरुगेसन ने भी फाइनल में चीन की किउ ज़िया यांग के साथ मुकाबले में रजत पदक जीता। मनीषा रामदास ने □नमार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन को हराकर महिला एकल एसयू- 5 वर्ग में और नित्या श्रे सिवन ने महिला एकल एसएच6 श्रेणी में इं□ोनेशिया की रीना मार्लिना को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।तीरंदाजी मिश्रित टीम स्पर्धा में शीतल देवी और राकेश कुमार को कांस्य पदक मिला।योगेश कथूनिया ने कल पुरुषों के चक्का फेंक F56 वर्ग के फाइनल में रजत पदक जीतकर भारत को पांचवें दिन का पहला पदक दिलाया। पैरालिंपिक में यह उनका लगातार दूसरा रजत पदक है। इसके साथ ही भारत के कुल 15 पदक हो गए हैं, जिसमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी है।